नगर आयुक्त ने मोहल्ला निगरानी समिति के सदस्यों के साथ की समीक्षा बैठक

(ऑडिशन टाइम्स)

शाहजहाँपुर कोविड-19 के दृष्टिगत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा मोहल्ला निगरानी समिति के सदस्यों के साथ गांधी भवन में समीक्षा बैठक की गई जिसमें नगर आयुक्त द्वारा नगर में कोविड-19 के संकमण के रोकथाम के लिये सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र में 46 मोहल्ला निगरानी समित्तियो के सदस्यो- जिसमें क्षेत्र के पूर्व सभासद, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा कार्यक्त्री एवं क्षेत्र के सम्प्रान्त नागिरक शामिल है,सक्रिय किये जाने के लिये जागरुक किया गया एवं अपने कत्त्तव्यो का निर्वाहन पूरी ईमानदारी के साथ करने को निर्देशित किया गया। इस मौके पर निर्वतमान सभासद दिवाकर मिश्रा द्वारा कोविड-19 के दृष्टिगत सभी लोगो से एक-दूसरे से दो गज की दूरी रखने के साथ-साथ फेस मास्क का उपयोग करने की अपील की गई। इसी कम में निर्वतमान सभासद इमरान द्वारा सभी

लोगो से कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करने की अपील की गई। इस क्रम में समीक्षा बैठक में उपस्थित यूनिसेफ के प्रतिनिधि माता प्रसाद राय द्वारा कोविड-19 के रोकथाम के लिये मोहल्ला निगरानी के सभी सदस्यों- आंगनवाड़ी कार्यकरत्री व आशा वर्करो को सक्रिय रहने के लिये कहा गया व कोविड-19 के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया 7 समीक्षा बैठक में उपस्थित नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा कोविड-19 के संक्रमण के प्रभाव को ध्यान में रखते हुये मोहल्ला निगरानी के सदस्यो को निर्देशित किया गया कि बाहर से आ रहे प्रवासी व्यक्तियों पर निगरानी रखे व उनकी पल्स ऑक्सीमीटर एवं इन्फ़ा थर्मा मीटर से जाँच करे और यदि किसी भी व्यक्ति में कोविड-19 के लक्षण पाये जाते है तो तत्काल रूप से कोविड-19 जाँच अवश्य करवाये,जिससे क्षेत्र वासियो को कोविड-19 के संकरमण से बचाया जा सके। नगर आयुक्त द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि क्वारेन्टाइन किया गया परिवार इस बात को सुनिश्चित करेगा कि जहाँ तक संभव हो प्रवासी अपने घरो में पृथक कक्ष में रहेगा। क्वारेन्टाइन किये गये प्रवासी अनिवार्य रूप से मास्क से मुँह व नाक ढकेगें। मोहल्ला निगरानी समिति के भ्रमण के समय सोशल डिस्टेसिंग यानी 02 गज की दूरी बनाये रखने के साथ-साथ साफ- सफाई के प्रोटोकाल का अनुपालन अवश्य किया जाये। समीक्षा बैठक में अपर नगर आयुक्त एस के सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, अगंद गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओ पी गौतम, मुख्य अभियंता सिविल दिनेश चन्द्र सचान, डी सी चिनय प्रताप सिंह एवं मोहल्ला निगरानी समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।